**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________
2. (Signature) ____________________
   (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ..........................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**J 0 3 1 5**

# PAPER - II
# PHILOSOPHY

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

Example

## PHILOSOPHY
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** Considering **(A)** and **(R)** select the **correct** code :

   **Assertion (A) :** In Taijas the self enjoys subtle objects.

   **Reason (R) :** In a dreaming State the self creates its own imaginary objects.

   **Codes :**

   (1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

   (2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

   (3) **(A)** is true but **(R)** is false.

   (4) **(A)** is false but **(R)** is true.

2. Hiraṇyagarbha in Upanisad is also known as :

   (1) *Viśvakarmā* (2) *Prajāpati*

   (3) *Sahasrākṣa* (4) *Sahasraśirsa*

3. Select the **correct** Sequence :

   (1) *Artha, Kāma, Dharma, Mokṣa* (2) *Artha, Dharma, Kāma, Moksa*

   (3) *Moksa, Dharma, Artha, Kāma* (4) *Dharma, Artha, Kāma, Moksa*

4. Match the **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer by using the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Naigam naya | (i) | Whereby the universal qualities are treated as absolutely real and particulars are rejected as unreal. |
| (b) | Saṅgraha naya | (ii) | Whereby a thing is perceived to be having both universal and particular qualities and we fail to distinguish between them. |
| (c) | Vyavhāra naya | (iii) | Whereby the real is identified with the momentary. |
| (d) | Ṛjusutra naya | (iv) | Whereby things are taken as concrete particulars. |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Examrace

## फिलॉसफी / दर्शनशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. नीचे दो कथन दिए गए है एक **अभिकथन (A)** और दुसरा **तर्क (R)** के रूप में हैं। **(A)** और **(R)** पर विचार करते हुए **सही** कूट चुनें :

   **अभिकथन (A) :** तैजस् में आत्मा सूक्ष्म वस्तुओं को ग्रहण करता है।

   **तर्क (R) :** स्वप्नावस्था में आत्मा स्वयं काल्पनिक वस्तुओं का निर्माण करता है।

   **कूट :**

   (1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही व्याख्या है।
   (2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R), (A)** की सही व्याख्या नहीं है।
   (3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
   (4) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

2. उपनिषद् में 'हिरण्यगर्भ' को __________ के रूप में भी जाना गया है।

   (1) *विश्वकर्मा* (2) *प्रजापति*
   (3) *सहस्राक्ष* (4) *सहस्रशीर्ष*

3. **सही** क्रम का चयन करें :

   (1) *अर्थ, काम, धर्म, मोक्ष* (2) *अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष*
   (3) *मोक्ष, धर्म, अर्थ, काम* (4) *धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष*

4. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें।

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | नैगम नय | (i) | जहाँ सामान्य गुण पूर्णत: वास्तविक समझे जाते हैं एवं विशेष का अवास्तविक के रूप में निषेध हो जाता हैं। |
| (b) | संग्रह नय | (ii) | जहाँ वस्तुएँ सामान्य और विशेष गुणोंवाली समझी जाती हैं और हम उनमें भेद नहीं कर पाते। |
| (c) | व्यवहार नय | (iii) | जहाँ यथार्थ का क्षण के साथ अभिज्ञान किया जाता है। |
| (d) | ऋजुसूत्र नय | (iv) | जहाँ वस्तुओं को केवल मूर्त विशेष समझा जाता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

Examrace

5. Match the **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer by using the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Vasubandhu | (i) | Mahāyāna sūtralaṁkāra |
| (b) | Asaṅga | (ii) | Vigraha Vyāvārtinī |
| (c) | Nāgārjuna | (iii) | Mahāyāna Shraddhotpāda Shāstra |
| (d) | Aśvaghoṣa | (iv) | Vijñapti - Mātratā Siddhi |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

6. The concept of *Anyonya abhāva* (mutual negation) is propounded by :

(1) Sāṁkhya
(2) Nyāya
(3) Visiṣṭādvaita
(4) Advaita

7. Consider given **Assertion (A)** and **Reason (R)** and then mark the **correct** option as given below :

**Assertion (A)** : The soul is neither produced nor destroyed.
**Reason (R)** : It is devoid of origin and end.

**Codes :**

(1) **(A)** and **(R)** are both true and **(R)** provides correct explanation of **(A)**.
(2) **(A)** and **(R)** are both false and **(R)** provides correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** and **(R)** are both true but **(R)** does not provide correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is false and **(R)** is true, but **(R)** provides correct explanation of **(A)**.

8. Match the **List - I** with **List - II** and select the **correct** answer by using the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | A pot does not exist before destruction | (i) | Anyonyabhāva |
| (b) | after destruction | (ii) | Atyantābhāva |
| (c) | nor as a cloth | (iii) | Prāgabhāva |
| (d) | nor as a liquid pot | (iv) | Pradhvaṁsābhāva |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Examrace

5. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें।

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | वसुबन्धु | (i) | महायान सूत्रालंकार |
| (b) | असंग | (ii) | विग्रह व्यावर्तिनी |
| (c) | नागार्जुन | (iii) | महायान श्रद्धोत्पाद शास्त्र |
| (d) | अश्वघोष | (iv) | विज्ञप्रिमात्रता सिद्धि |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

6. *अन्योन्य अभाव* की अवधारणा का प्रतिपादन किया गया है :

(1) सांख्य द्वारा
(2) न्याय द्वारा
(3) विशिष्टाद्वैत द्वारा
(4) अद्वैत द्वारा

7. दिये गये **अभिकथन (A)** तथा **तर्क (R)** पर विचार कीजिए तथा नीचे दिये गये विकल्पों से **सही** उत्तर का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** आत्मा की न उत्पत्ति होती है न ही विनाश।

**तर्क (R) :** यह उत्पत्ति विनाश से परे है।

**कूट :**

(1) **(A)** तथा **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** तथा **(R)** दोनों असत्य हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(3) **(A)** तथा **(R)** दोनों सत्य हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(4) **(A)** असत्य है और **(R)** सत्य है, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

8. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन करें।

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | विनाशपूर्व घट का अभाव | (i) | अन्योन्या भाव |
| (b) | विनाश के पश्चात् | (ii) | अत्यंता भाव |
| (c) | पट की भांति नहीं | (iii) | प्राग्भाव |
| (d) | तरल-घट की भांति नहीं | (iv) | प्रध्वंसा भाव |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

Examrace

9. Ākriti according to Pūrva-Mīmāṁsā is also known as :

(1) Viśeṣa (2) Saṁasthāna (3) Samvāya (4) Guna

10. According to Rāmānuja, the word *nirguna* means :

(1) Without auspicious qualities (2) Without inauspicious qualities

(3) Without any Characteristics (4) None of the above

11. *Sapta anupapatti* (Seven classical objections) against the doctrine of *Māyā* was levelled by :

(1) Vallabha (2) Madhva (3) Rāmānuja (4) Niṁbārka

12. Śaṁkaraś philosophy is designated as :

(1) Monism (2) Integral Nondualism

(3) Non-dualism (4) All the above

13. *Viśiṣṭādvaita* philosophy approves only :

(1) Jivanmukti (2) Videha mukti

(3) Both (4) None of the above

14. Which statement is **not** correct ?

(1) Madhva advocates Radical Pluralism

(2) Madhva is a Strong Realist

(3) Madhva is a grand theist

(4) Madhva advocates Brahma-Jīva-abheda-vāda

15. As per Nyāya the effect is known as :

(1) Kāraṇa (2) Prāgabhāva Pratiyogi

(3) Asamvāyīkāraṇa (4) Kāraka

16. All cognitions must be true in themselves, is the view propounded by :

(1) Nyāya (2) Vedānta (3) Mīmāṁsā (4) Jaina

Examrace

9. पुर्व-मीमांसा के अनुसार आकृति का तात्पर्य है :

(1) विशेष (2) संस्थान (3) समवाय (4) गुण

10. रामानुज के अनुसार *निर्गुण* का अर्थ है :

(1) कल्याण गुण रहित (2) अकल्याण गुण रहित

(3) लक्षण रहित (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. मायावाद के विरुद्ध सप्तानुपपत्ति (सात शास्त्रीय आपत्ति) को किसने प्रख्यापित किया ?

(1) वल्लभ (2) मध्व (3) रामानुज (4) निम्बार्क

12. शंकर के दर्शन को कहा जाता है :

(1) एकतत्त्ववाद (2) समग्र अद्वैतवाद

(3) अद्वैतवाद (4) उपर्युक्त सभी

13. विशिष्टाद्वैत दर्शन केवल अनुभोदन करता है _________।

(1) जीवनमुक्ति का (2) विदेहमुक्ति का

(3) दोनों का (4) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

14. कौन-सा कथन सत्य **नहीं** है ?

(1) मध्व उत्कट बहुतत्त्ववाद के समर्थन हैं।

(2) मध्व प्रबल वस्तुवादी हैं।

(3) मध्व एक महान ईश्वरवादी हैं।

(4) मध्व ब्रह्म-जीव-अभेदवाद के समर्थन हैं।

15. न्याय के अनुसार कार्य जाना जाता है :

(1) कारण (2) प्रागभाव प्रतियोगी

(3) असमवायी कारण (4) कारक

16. ज्ञान स्वयं में सत्य होना चाहिए, यह विचार प्रतिपादित है :

(1) न्याय द्वारा (2) वेदान्त द्वारा (3) मीमांसा द्वारा (4) जैन द्वारा

Examrace

**17.** Consciousness is an adventitious quality of self is accepted by :

(1) Vedānta (2) Pūrva-Mīmāṁsā (3) Nyāya (4) Sāṁkhya

**18.** Which one of the following statements is **correct** ?

(1) *Apṛthak Siddhi* is the relation of Brahman with *Jīva* only

(2) *Apṛthak Siddhi* is the relation of Brahman with *Jīva* and *jagat*

(3) *Apṛthak Siddhi* is the relation of Brahman with *jagat* only

(4) *Apṛthak Siddhi* is no relation at all

**19.** The Nyāya theory of causation is called :

(1) *Vivartavāda* (2) *Asatkāryavāda*

(3) *Satkārya vāda* (4) *Yadṛcchā vāda*

**20.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A),** and the other labelled as **Reason (R)** Choose the **correct** answer from the code given below.

**Assertion (A)** : "Abhyāsa Vairāgyābhyām Tannirodhaḥ

**Reason (R)** : Suppression of citta vṛttis is brought about by persistent practice and non-attachment

**Codes :**

(1) **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** and **(R)** are incorrect.

(3) **(A)** and **(R)** contradict each other.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**21.** By conceiving God as the Supreme Ego, Iqbal means :

(1) God as light (2) A dynamic and creative life

(3) Infinite creative possibilities (4) A creative progress of the world

**22.** Which one of the following pairs is **correctly** matched ?

(1) Personality, Hind swaraj - Gandhi

(2) The life Divine, East and West - Sri Aurobindo

(3) Sādhanā, Personality - Tagore

(4) East and West in Religion, the Human Cycle - Radhakrishnan

Examrace

**17.** चेतना आत्मा का एक आगंतुक गुण है, स्वीकार किया गया है :

(1) वेदान्त द्वारा (2) पूर्व मीमांसा द्वारा (3) न्याय द्वारा (4) सांख्य द्वारा

**18.** निम्नलिखि में से कौन-सा कथन **सही** है ?

(1) *अपृथक्‌सिद्धि* है, ब्रह्म का *जीव* के साथ सम्बन्ध।

(2) *अपृथक्‌सिद्धि* है, ब्रह्म का *जीव* और *जगत* के साथ सम्बन्ध।

(3) *अपृथक्‌सिद्धि* है, ब्रह्म का केवल *जगत* के साथ सम्बन्ध।

(4) *अपृथक्‌सिद्धि* कोई सम्बंध है ही नहीं।

**19.** न्याय का कारणता सिद्धान्त कहा जाता है :

(1) *विवर्तवाद* (2) *असत्कार्यवाद*

(3) *सत्कार्यवाद* (4) *यदृच्छावाद*

**20.** नीचे दो कथन दिये गये हैं जिनमें एक को **अभिकथन (A)** कहा गया है तथा दूसरे को **तर्क (R)**। नीचे दिये गये कूटों से **सही** उत्तर का चयन करें।

**अभिकथन (A) :** ''अभ्यास वैराग्यभ्याम् तन्निरोध:''।

**तर्क (R) :** सतत् अभ्यास और अनासक्ति के द्वारा चित्त वृत्ति का निरोध।

**कूट :**

(1) **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(3) **(A)** और **(R)** परस्पर व्याघातक हैं।

(4) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है।

**21.** ईश्वर को परम अंह के रूप में कल्पित करने से इकबाल का तात्पर्य है :

(1) प्रकाश के रूप में ईश्वर (2) एक गत्यात्मक और सर्जनात्मक जीवन

(3) अनन्त सर्जनात्मक सम्भावनाएँ (4) जगत की एक सर्जनात्मक प्रगति

**22.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म **सही** है ?

(1) पर्सनाल्टी, हिन्द स्वराज - गाँधी

(2) द लाइफ डिवाइन, इस्ट एण्ड वेस्ट - श्री अरविन्द

(3) साधना, पर्सनाल्टी - टैगोर

(4) इस्ट एण्ड वेस्ट इन रिलिजन, दी ह्यूमन सायकिल-राधाकृष्णन्

Examrace

**23.** Match the **List - I** with **List - II** and choose the **correct** answer from the code given below :

| **List - I** | | **List - II** | |
|---|---|---|---|
| **(Authors)** | | **(Texts)** | |
| (a) | K.C. Bhattacharya | (i) | The ideal of human unity |
| (b) | Radhakrishnan | (ii) | The secrets of self |
| (c) | Iqbal | (iii) | Studies in Vedāntism |
| (d) | Sri Aurobindo | (iv) | The Recovery of faith |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**24.** Intuition and intellect are complementary to each other according to :

(1) Bergson
(2) Kant
(3) Radhakrishnan
(4) Ambedkar

**25.** According to whom 'Mumukṣutva' is an evidence in the favour of immortality ?

(1) Shankara
(2) Ramanuja
(3) Radhakrishnan
(4) Vivekananda

**26.** Match **Set - I** with **Set - II** and findout the **correct** option using the following codes :

| **Set - I** | | **Set - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Leibnitz | (i) | World is bundle of monads |
| (b) | Wittgenstein | (ii) | World is bundle of atoms |
| (c) | Hume | (iii) | World is bundle of impressions |
| (d) | Berkeley | (iv) | World is bundle of perceptions |

**Codes :**

(1) (a) and (iv)
(2) (d) and (i)
(3) (c) and (iii)
(4) (b) and (ii)

Examrace

23. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करें तथा प्रदत्त कूट के आधार पर **सही** उत्तर चुनें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| | **( लेखक )** | | **( ग्रन्थ )** |
| (a) | के.सी. भट्टाचार्य | (i) | दी आइडियल ऑफ ह्यूमन यूनिटी |
| (b) | राधाकृष्णन् | (ii) | दी सीक्रेट्स ऑफ सेल्फ |
| (c) | इकबाल | (iii) | स्टडीज इन वेदान्तिज्म |
| (d) | श्री अरविन्द | (iv) | दी रीकवरी ऑफ फेथ |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

24. अन्त: अनुभूति एवं प्रज्ञा एक दूसरे के पूरक हैं निम्न में से किसके अनुसार ?

(1) बर्गसॉ
(2) कान्ट
(3) राधाकृष्णन्
(4) अम्बेडकर

25. किसके अनुसार 'मुमुक्षुत्व' अमरता के पक्ष में एक साक्ष्य है ?

(1) शंकर
(2) रामानुज
(3) राधाकृष्णन्
(4) विवेकानन्द

26. **सूची-I** को **सूची-II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये हुए कूट से **सही** विकल्प का चयन करें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | लाइब्नित्ज | (i) | जगत चिदणुओं का समूह है। |
| (b) | विट्गेंसटाइन | (ii) | जगत अणुओं का समूह है। |
| (c) | ह्यूम | (iii) | जगत संस्कारों का समूह है। |
| (d) | बर्कले | (iv) | जगत प्रत्यक्षों का समूह है। |

**कूट :**

(1) (a) और (iv)
(2) (d) और (i)
(3) (c) और (iii)
(4) (b) और (ii)

Examrace

**27.** Match **Set - I** with **Set - II** and find out the **incorrect** option from following codes :

| | **Set - I** | | **Set - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Locke | (i) | Interactionism |
| (b) | Leibnitz | (ii) | Pantheism |
| (c) | Spinoza | (iii) | Pluralism |
| (d) | Descartes | (iv) | Idealism |

**Codes :**

(1) (c) and (ii) (2) (d) and (i)

(3) (a) and (iv) (4) (b) and (iii)

**28.** Select the **correct** option :

Innate ideas for Rationalists are :

(1) Eternal (2) Contingent

(3) Both eternal and contingent (4) Neither eternal nor contingent

**29.** Select the **correct** option :

The principle of interactionism was propounded by :

(1) Leibnitz (2) Descartes

(3) Berkeley (4) Spinoza

**30.** Select the correct option :

Who accepts that the existence of an object depends upon its experience ?

(1) Plato (2) Hume

(3) Berkeley (4) Locke

**31.** Match **Set - I** with **Set - II** and find out the **correct** answer from the given codes :

| | **Set - I** | | **Set - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Locke | (i) | Synthetic Apriori judgment |
| (b) | Berkeley | (ii) | Synthetic Aposteriori Judgment |
| (c) | Hume | (iii) | Knowledge of Ideas |
| (d) | Kant | (iv) | Knowledge of sensations |

**Codes :**

(1) (a) and (iii) (2) (d) and (i)

(3) (c) and (ii) (4) (b) and (iv)

Examrace

27. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूटों से **गलत** विकल्प का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | लॉक | (i) | अन्तरक्रियावाद |
| (b) | लाइबनित्ज | (ii) | सर्वेश्वरवाद |
| (c) | स्पिनोज़ा | (iii) | बहुलवाद |
| (d) | देकार्त | (iv) | विज्ञानवाद |

**कूट :**

(1) (c) और (ii) (2) (d) और (i)
(3) (a) और (iv) (4) (b) और (iii)

28. **सही** विकल्प का चयन करें :
बुद्धिवादियों के लिए जन्मजात प्रत्यय हैं–

(1) नित्य (2) आकस्मिक
(3) दोनों नित्य और आकस्मिक (4) न तो नित्य न आकस्मिक

29. **सही** विकल्प का चयन करे :
अन्तरक्रियावाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन किया गया था :

(1) लाइब्नित्ज़ द्वारा (2) देकार्त द्वारा
(3) बर्कले द्वारा (4) स्पिनोज़ा द्वारा

30. कौन यह स्वीकार करता है कि किसी वस्तु की सत्ता उसके अनुभव पर निर्भर करती है ?

(1) प्लेटो (2) ह्यूम (3) बर्कले (4) लॉक

31. **सूची - I** को **सूची - II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर चुनें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | लॉक | (i) | प्रागनुभविक संश्लेषी निर्णय |
| (b) | बर्कले | (ii) | आनुभविक संश्लेषी निर्णय |
| (c) | ह्यूम | (iii) | प्रत्ययों का ज्ञान |
| (d) | कांट | (iv) | संवेदनाओं का ज्ञान |

**कूट :**

(1) (a) और (iii) (2) (d) और (i)
(3) (c) और (ii) (4) (b) और (iv)

Examrace

**32.** Select the **correct** option :

Pre-established harmony is relation :

(1) between mind and body (2) between God and nature

(3) between attribute and modes (4) among monads

**33.** Match the **List - I** with **List - II** and mark the **correct** code as given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Speech Act | (i) | Wittgenstein |
| (b) | Language Game | (ii) | Ayer |
| (c) | Verification Theory of Meaning | (iii) | Peirce |
| (d) | Operational Theory of Meaning | (iv) | Ryle |

**Options :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**34.** Mark the **correct** option :

(1) Hegel is an absolute idealist and Husserl supports transcendental idealism.

(2) Hegel is a rationalist and Spinoza is a realist.

(3) Husserl supports transcendental idealism and Kant is an empiricist.

(4) Hegel is an absolute idealist but Husserl rejects transcendental idealism.

**35.** According to G.E. Moore whenever there is a conflict between a philosophical doctrine and common sense it was more likely that :

(1) Common sense has gone astray rather than the philosophical doctrine.

(2) The argument has gone astray rather than the common sense.

(3) Both argument and common sense have gone astray.

(4) Neither the argument nor common sense had gone astray.

Examrace

**32.** **सही** विकल्प का चयन करें :

पूर्व स्थापित सामंजस्य संबंध है–

(1) मन और शरीर के मध्य
(2) ईश्वर और प्रकृति के मध्य
(3) गुण और पर्याय के मध्य
(4) चिदणुओं के मध्य

**33.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** विकल्प का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | वाक् क्रिया | (i) | विट्गेन्स्टाइन |
| (b) | भाषा खेल | (ii) | एयर |
| (c) | अर्थ का सत्यापन सिद्धांत | (iii) | पीयर्स |
| (d) | अर्थ का उपचारात्मक सिद्धांत | (iv) | राइल |

**विकल्प :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**34.** **सही** विकल्प का चयन करें :

(1) हीगेल एक निरपेक्ष विज्ञानवादी है तथा हुसर्ल अतीन्द्रिय विज्ञानवाद का समर्थन करता है।
(2) हीगेल एक बुद्धिवादी है तथा स्पीनोजा एक वस्तुवादी है।
(3) हुसर्ल अतीन्द्रिय विज्ञानवाद का समर्थन करता है तथा कांट एक अनुभववादी है।
(4) हीगेल एक निरपेक्ष विज्ञानवादी है किंतु हुसर्ल विज्ञानवाद का खण्डन करते हैं।

**35.** जी.ई. मूर के अनुसार जब भी दार्शनिक सिद्धान्त और सामान्य बुद्धि के बीच टकराव होता है तो इस बात की संभावना अधिक होती है कि :

(1) दार्शनिक सिद्धान्त की तुलना में सामान्य बुद्धि मटक जाती है।
(2) सामान्य बुद्धि की तुलना में तर्क भटक जाता है।
(3) तर्क और सामान्य बुद्धि दोनों भटक जाते हैं।
(4) तर्क और सामान्य बुद्धि में से कोई नहीं भटकता।

Examrace

**36.** In the context of Russell's Philosophy, consider the given **Assertion (A)** and **Reason (R)** then mark the **correct** option as given below :

**Assertion (A)** : General Propositions are not existential.

**Reason (R)** : Atoms are neither mental nor physical.

**Options :**

(1) **(A)** and **(R)** both are true but **(R)** does not provide direct explanation of **(A)**.

(2) **(A)** and **(R)** are both false but **(R)** provides direct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, **(R)** is false and **(R)** provides direct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is false and **(R)** is true, but **(A)** does not provide direct explanation of **(R)**.

**37.** Which of the following statements are true according to Existentialism and Gītā ?

(1) We are doers and sufferers not spectators only.

(2) We are spectators only, neither doers nor sufferers.

(3) We are doers, sufferers and spectators as well.

(4) None of the options given above are acceptable.

**38.** Which one of the following is called as "radical empiricist' ?

(1) Ayer (2) Locke (3) James (4) Moore

**39.** In a restricted sense "Epoche" means :

(1) to believe in the existence of objects.

(2) to disbelieve in the existence of object.

(3) to obtain a categorical judgement regarding the existence of outer world.

(4) suspension of judgements regarding existence of objects.

**40.** What are the three aspects of 'Care' according to Heidegger ?

(1) facticity, possibility, fallenness

(2) facticity, attention, discipline

(3) attention, discipline, service

(4) service, attention, facticity

Examrace

36. रसेल के दर्शन के संदर्भ में दिए गये **अभिकथन** (A) और **तर्क** (R) पर विचार करें और नीचे दिए गए विकल्पों में से **सही** विकल्प चुनें :

**अभिकथन (A) :** सामान्य कथन अस्तित्वपरक नहीं हैं।

**तर्क (R) :** अणु न तो मानसिक हैं न ही भौतिक।

**विकल्प :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सीधी व्याख्या नहीं प्रदान करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सीधी व्याख्या प्रदान करता है।

(3) **(A)** सही है, **(R)** गलत है और **(R)**, **(A)** की सीधी व्याख्या प्रदान करता है।

(4) **(A)** गलत है, **(R)** सही है लेकिन **(R)**, **(A)** की सीधी व्याख्या नहीं प्रदान करता है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अस्तित्ववाद और गीता के अनुसार सत्य है ?

(1) हम कर्त्ता और भोक्ता हैं, साक्षी-मात्र नहीं।

(2) हम साक्षी-मात्र हैं, कर्त्ता अथवा भोक्ता नहीं।

(3) हम कर्त्ता, भोक्ता और साक्षी सभी हैं।

(4) ऊपर दीये गए विकल्पों में से कोई भी स्वीकार्य नहीं है।

38. इनमें से कौन 'उत्कट अनुभववादी' कहा जाता है ?

(1) एयर (2) लॉक (3) जेम्स (4) मूर

39. सीमित अर्थ में 'इपोखे' का अर्थ है :

(1) वस्तुओं के अस्तित्त्व में विश्वास।

(2) वस्तुओं के अस्तित्त्व में अविश्वास।

(3) बाह्य विश्व के अस्तित्त्व से संबंधित निरपेक्ष निर्णय प्राप्त करना।

(4) वस्तुओं के अस्तित्व विषयक निर्णयों का स्थगन।

40. हाइडेगर के अनुसार 'केयर' के तीन पक्ष क्या है ?

(1) तथ्यता, संभाव्यता, गिरावट

(2) तथ्यता, सावधानी, अनुशासन

(3) सावधानी, अनुशासन, सेवा

(4) सेवा, सावधानी, तथ्यता

Examrace

**41.** Moore analyses :

(1) Language (2) Linguistic facts

(3) Extra linguistic entity (4) All of these

**42.** Which one of the following pairs in **not** correctly matched ?

(1) Psychologism - Husserl

(2) Ghost in Machine - Descartes

(3) Dasein - Heidegger

(4) Rationalism - Hegel

**43.** Match **List-I** with **List-II** with reference to the works of Plato and mark the **correct** code :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Meno | (i) | Life and death of Socrates |
| (b) | Gorgias | (ii) | Nature of knowledge and instruction |
| (c) | Apology and Crito | (iii) | Virtue of self-control |
| (d) | Charmides | (iv) | Deals with study of rhetoric |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

Examrace

**44.** Consider the following statements with reference to Thomas Aquinas and mark the **correct** code :

(i) Aquinas rejected doctrines of universal hylomorphism and plurality of forms.

(ii) Human being has a single rational soul, which acts as the one substantial form.

(iii) Only in God there is no composition at all, his essence is purely and simply his act of existing.

**Codes :**

(1) Only (ii) and (iii) are true (2) Only (i) and (ii) are true

(3) Only (i) and (iii) are true (4) All (i), (ii) and (iii) are true

**41.** मूर विश्लेषण करता है :

(1) भाषा　　(2) भाषायी तथ्य

(3) भाषेतर तत्त्व　　(4) इनमें सभी

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित **नही** है ?

(1) साइकोलॉजिज्म - हुस्सर्ल

(2) मशीन में प्रेत - डेकार्ट

(3) डेसिन - हाइडेगर

(4) बुद्धिवाद - हेगल

**43.** **सूची-I** को प्लेटो के कार्यों के सन्दर्भ से **सूची-II** से सुमेलित करे और **सही** कूट का चयन करे :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | मेनो | (i) | सुकरात के जीवन और मृत्यु |
| (b) | गारजियस | (ii) | ज्ञान की प्रकृति और निर्देश |
| (c) | एपोलॉजी एण्ड क्रेटो | (iii) | सद्‌गुण और आत्म नियंत्रण |
| (d) | करमाइड्स | (iv) | वक्रपटुता के अध्ययन से जुड़ा |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**44.** थॉमस एक्वीनॉस के संदर्भ में नीचे दिये गये कथनों पर विचार कीजिए और **सही** कूट का चयन कीजिए :

(i) एक्वीनॉस सार्वभौमिक पुद्‌गलाकारवाद एवं आकारों की अनेकता के सिद्धान्त का निषेध करते हैं।

(ii) मनुष्य के पास एक बौद्धिक आत्मा है जो एक सारभूत आकार के रूप में कार्य करती है।

(iii) केवल ईश्वर ही ऐसा है जो सर्वथा संघटकविहीन है। उसका सार उसके होने में है।

**कूट :**

(1) केवल (ii) और (iii) सही हैं।　　(2) केवल (i) और (ii) सही हैं।

(3) केवल (i) और (iii) सही हैं।　　(4) सभी (i), (ii) और (iii) सही है।

Examrace

**45.** Consider the following **Assertion (A)** and **Reason (R)** in the light of St. Augustine's philosophy and mark the **correct** code :

**Assertion (A) :** Degrees of goodness are identified with degrees of being.

**Reason (R) :** If there is no goodness at all in a particular thing, then there is no reality in it either.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true and **(R)** is false

(4) Both **(A)** and **(R)** are false

**46.** The doctrine of the three classes of men as - lovers of wisdom, lovers of honour and lovers of gain - was brought out by :

(1) Pythagoras (2) Heraclitus (3) Aristotle (4) Leucippus

**47.** Which of the following words are authored by Plato ?

(i) Republic (ii) Laws (iii) Politics (iv) Crito

**Codes :**

(1) Only (i) and (iv) (2) Only (ii), (iii) and (iv)

(3) Only (ii) and (iv) (4) Only (i), (ii) and (iv)

**48.** Read carefully following statements and mark the **correct** option in the context of pragmatism.

**Statements :**

(i) The meaning of 'Meaning' is the clarity of apprehension.

(ii) Meaning emerges out of experimental phenomenon.

(iii) Mind is an ontological entity.

(iv) Knowledge is an activity.

**Options :**

(1) All the statements written above are true

(2) Only (i), (ii) and (iii) are true but (iv) is false

(3) Only (i), (ii) and (iv) are true but (iii) is false

(4) Only (ii), (iii) and (iv) are true but (i) is false

Examrace

**45.** संत आगस्टाइन के दर्शन के आलोक में निम्नलिखित **अभिकथन (A)** और **तर्क (R)** पर विचार करें और **सही** कूट चुनें :

**अभिकथन (A) :** शुभत्व के सोपानों का सत् के सोपानों से तादात्म्य है।

**तर्क (R) :** यदि किसी विशेष वस्तु में शुभत्व नहीं है तो इसमें किसी भी रूप में सत् नहीं है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है और **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं

**46.** 'तीन श्रेणी के मनुष्य'-बुद्धि के प्रेमी, सम्मान के प्रेमी और अर्जन के प्रेमी-सिद्धांत प्रतिपादित किया गया :

(1) पाइथागोरस (2) हेराक्लाइटस (3) अरस्तू (4) ल्यूसिपस्

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तकें प्लेटो द्वारा लिखी गई हैं?

(i) रिपब्लिक (ii) लॉज़ (iii) पॉलिटिक्स (iv) क्रीटो

**कूट :**

(1) केवल (i) और (iv) (2) केवल (ii), (iii) और (iv)

(3) केवल (ii) और (iv) (4) केवल (i), (ii) और (iv)

**48.** निम्नलिखित कथनों को सावधानीपूर्वक पढ़े और फलवाद के संदर्भ में **सही** विकल्प का चयन करें :

**अभिकथन :**

(i) 'अर्थ' शब्द का अर्थ है बोध की प्रांजलता।

(ii) अर्थ की उत्पत्ति प्रायोगिक प्रक्रिया में होती है।

(iii) मन तात्त्विक वस्तु है।

(iv) ज्ञान एक क्रिया है।

**विकल्प :**

(1) ऊपर लिखे सभी कथन सही हैं।

(2) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं लेकिन (iv) गलत है।

(3) केवल (i), (ii) और (iv) सही है लेकिन (iii) गलत है।

(4) केवल (ii), (iii) और (iv) सही है लेकिन (i) गलत है।

Examrace

**49.** Match the **Set-I** with **Set-II** and find out the **correct** option from the codes given below :

| | Set-I | | Set-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Spinoza | (i) | Representationalism |
| (b) | Descartes | (ii) | Parallelism |
| (c) | Locke | (iii) | Scepticism |
| (d) | Hume | (iv) | Pantheism |

**Codes :**

(1) (c) and (i)

(2) (b) and (iv)

(3) (a) and (iii)

(4) (d) and (ii)

**50.** Match the **Set-I** with **Set-II** and find out the **correct** answer from the codes given below :

| | Set-I | | Set-II |
|---|---|---|---|
| (a) | Descartes | (i) | Dualist |
| (b) | Spinoza | (ii) | Pluralist |
| (c) | Leibnitz | (iii) | Pantheist |
| (d) | Locke | (iv) | Idealist |

**Codes :**

(1) (d) and (iv) (2) (b) and (iii) (3) (a) and (ii) (4) (c) and (i)

- o 0 o -

Examrace

**49.** **सूची-I** को **सुची-II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** विकल्प चुनें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | स्पिनोज़ा | (i) | प्रतिनिधित्ववाद |
| (b) | देकार्त | (ii) | समानान्तरवाद |
| (c) | लॉक | (iii) | संशयवाद |
| (d) | ह्यूम | (iv) | सर्वेश्वरवाद |

**कूट :**

(1) (c) और (i)

(2) (b) और (iv)

(3) (a) और (iii)

(4) (d) और (ii)

**50.** **सुची-I** को **सूची-II** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर चुनें :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | देकार्त | (i) | द्वैतवाद |
| (b) | स्पिनोज़ा | (ii) | बहुतत्त्ववादी |
| (c) | लाइबनिज़ | (iii) | सर्वेश्वरवादी |
| (d) | लॉक | (iv) | प्रत्ययवादी |

**कूट :**

(1) (d) और (iv) (2) (b) और (iii) (3) (a) और (ii) (4) (c) और (i)

- o 0 o -

Examrace

**Space For Rough Work**

Examrace

Examrace